लोक सभा अध्यक्ष ने सियाचिन से बचाये गए सैनिक लांस नायक हनुमनथप्पा के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 11 फरवरी, 2016 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने लांस नायक हनुमनथप्पा, जिन्हें सियाचिन में छः दिन तक बर्फ में 35 फुट की गहराई में दबे रहने के बाद जिन्दा बचाया गया था और जिनका नई दिल्ली के सेना के आर. आर. अस्पताल में इलाज चल रहा था, के निधन पर शोक व्यक्त किया। अपने सन्देश में श्रीमती महाजन ने कहा :

"मुझे आज लांस नायक हनुमनथप्पा के दुखद और असामयिक निधन के बारे में जानकर बहुत दुःख हुआ है। उनके निधन से हमने अपने देश का एक वीर सैनिक खो दिया है जो सर्वाधिक कठिन परिस्थितियों में भी सीमा की रक्षा करने के लिए सदैव तत्पर रहता था। लांस नायक हनुमनथप्पा हमारे सैनिकों की बहादुरी और बलिदान की गौरवशाली परम्परा पर पूरी तरह खरे उतरे। मैं उनके शोकसंतप्त परिवारजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूँ।"